दिनांकः 28.11.2024 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत करेंगे।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की रक्षा क्षमता ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया है।
- प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए चिकित्सा संस्थानों में वीडियो कॉल के माध्यम से औचक संवाद शुरु।
- गोवा में 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी आज भव्य समारोह के साथ सम्पन्न होगा।

000

जयपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के उद्घाटन सत्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शिरकत करेंगे। समिट के सफल आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज जयपुर एयरपोर्ट से आयोजन स्थल जयपुर एक्जीहिबिशन एंड कन्वेन्शन सेंटर–जेईसीसी–तक विभिन्न तैयारियों का अवलोकन किया तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। इसके बाद मीडिया से बातचीत में श्री शर्मा ने कहा कि यह आयोजन राज्य की औद्योगिक दिशा को गति देने में मील का पत्थर साबित होगा।
मुख्यमंत्री ने समिट के सफल आयोजन के लिए आगामी 10 दिनों तक रोजाना एक नया संकल्प लेने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि पहले संकल्प के रूप में समिट का उद्घाटन पूरी तरह से सौर ऊर्जा से संचालित होगा। श्री शर्मा ने कहा कि यह समिट सूरज की ताकत से प्रदेश के विकास में नया सवेरा लाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि प्रदेश में निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए अक्षय ऊर्जा को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने कहा कि राजस्थान अक्षय ऊर्जा में निवेशकों की पसंद बना हुआ है और आज राजस्थान भारत में अक्षय ऊर्जा उत्पादन में पहले स्थान पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम प्रदेश को 2027 तक ऊर्जा उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाने के लक्ष्य के साथ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन संकल्पों के माध्यम से अगले 5 वर्षों में प्रदेश को 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाया जाएगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने आज सीतापुरा में आयोजन स्थल पर जाकर समिट की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ विभिन्न विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद रहे।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की रक्षा क्षमता ने पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। वेलिंगटन ऊटी में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज में एक संबोधन में राष्ट्रपति ने कहा कि रक्षा बलों में महिलाओं की भागीदारी पर देश को गर्व है। राष्ट्रपति ने देश की रक्षा के लिए प्रियजनों को सेना में भेजने पर उनके परिवारों के समर्पण की प्रशंसा की। देश के रक्षा उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि भारत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के साथ काम कर रहा है और यहां से 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय शांति के लिए प्रतिबद्ध है।

000

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आज नई दिल्ली में केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर उन्हें राजस्थान में राजमार्गों के विकास के लिए दिये गये सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने राजस्थान को सेन्ट्रल रोड तथा इंफ्रास्ट्रक्चर फंड–सीआरआईएफ से ज्यादा सड़कें स्वीकृत करने की भी मांग की। उपमुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री से मुलाकात के दौरान राजस्थान से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों का ज़िक्र किया। उन्होंने ब्रज–चौरासी परिक्रमा मार्ग को राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित करने, ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस–वे के निर्माण, रोपवे बनाने और अन्य विकास कार्यों के लिए केन्द्रीय मंत्री से सहयोग की मांग की।

000

देश में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत लगभग 25 लाख लाभार्थी पंजीकृत किये गये हैं। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे ने आज लोकसभा में एक लिखित प्रश्न के उत्तर में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य 18 व्यवसायों में लगे कारीगरों और शिल्पियों को सहायता उपलब्ध कराना है। सुश्री करंदलाजे ने कहा कि सितंबर 2023 से अक्टूबर 2024 तक पीएम विश्वकर्मा के तहत दो हजार 122 करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत की गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने इस योजना के तहत 30 लाख कारीगरों के पंजीकरण का लक्ष्य रखा है।

000

श्रम और रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज राज्यसभा में बताया कि असंगठित क्षेत्र के 30 करोड 40 लाख से अधिक श्रमिकों ने ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकरण करवाया है। राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में श्री मांडविया ने बताया कि स्वघोषणा के आधार पर इस पोर्टल पर असंगठित क्षेत्र का कोई भी श्रमिक पंजीकरण करवा सकता है। असंगठित श्रमिकों के व्यापक राष्ट्रीय डेटाबेस सृजित करने के लिए सरकार ने वर्ष 2021 में ई–श्रम पोर्टल का शुभारंभ किया था।

000

प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए तकनीकी नवाचार किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में विभाग ने अभिनव पहल करते हुए चिकित्सा संस्थानों में वीडियो कॉल के माध्यम से सीधा औचक संवाद शुरु किया है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने इस नवाचार की शुरूआत बालोतरा जिले के जसोल क्षेत्र के आयुष्मान आरोग्य मंदिर मूंगड़ा में वीडियो कॉल कर की। उन्होंने अलवर जिले के लक्ष्मणगढ़ ब्लॉक, बारां जिले के अटरू, चूरू जिले के सरदार शहर, डीग जिले के नगर और ब्यावर जिले के जैतारण ब्लॉक के चिकित्सा संस्थानों में वीडियो कॉल कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। श्रीमती राठौड़ ने चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से संस्थानों में दी जा रही सेवाओं के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। श्रीमती राठौड़ ने लाभार्थियों से भी बात की और स्वास्थ्य सेवाओं का फीडबैक लिया।

000

गोवा में चल रहा 55वां भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव–इफ्फी आज भव्य समारोह के साथ सम्पन्न हो जाएगा। इस समापन समारोह में भारतीय सिनेमा की प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। इस अवसर पर प्रतिष्ठित गोल्डन पिकॉक अवार्ड सहित कई पुरस्कार दिए जाएंगे। इन पुरस्कारों की प्रतिस्पर्धा में भारत की तीन फिल्मों सहित 15 फिल्में शामिल हैं। नौ दिन के इस फिल्मोत्सव में कई सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए गये। इस महोत्सव में विभिन्न भाषाओं और शैलियों की करीब 180 फिल्में दिखाई गईं।

000

केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्रालय के ट्राइफेड की ओर से आयोजित आदि महोत्सव कल से जयपुर में शुरु हो रहा है। ट्राइफेड के क्षेत्रीय प्रबंधक संदीप शर्मा ने बताया कि दस दिन के इस महोत्सव का उद्‌घाटन राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े करेंगे। इस महोत्सव में देशभर के जनजातीय कारीगर और शिल्पकार अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। आदि महोत्सव में 200 से अधिक जनजातीय कारीगरों और शिल्पकारों को अपने उत्पादों को बेचने के लिए एक सशक्त मंच मिलेगा। महोत्सव में इन उत्पादों को 120 स्टॉल्स पर प्रदर्शित किया जाएगा। महोत्सव में राजस्थान के अलावा हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल, मध्यप्रदेश, गुजरात, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड तथा नॉर्थ ईस्ट के जनजातीय कारीगर और शिल्पकार भाग लेंगे। इस दौरान जनजातीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

000

प्रदेश में बाल विवाह मुक्त भारत–राष्ट्रीय अभियान के तहत विभिन्न जिलों में जागरुकता कार्यक्रम हुए। इसी श्रृंखला में भरतपुर में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी मृदुल कच्छावा ने बाल विवाह उन्मूलन के प्रति जागरूकता और दृढ़ संकल्प की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के अधिकारों का हनन करता है और उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास में भी बाधा उत्पन्न करता है। इस दौरान जागरूकता अभियान के तहत स्कूलों, ग्रामीण क्षेत्रों में संवाद और बाल विवाह की रोकथाम के सख्त कदम उठाए जाने पर जोर दिया गया। बयाना में बाल विवाह मुक्त भारत पोस्टर का विमोचन विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अनुतोष गुप्ता द्वारा किया गया। पाली जिले के निंबाड़ा में सरकारी प्राथमिक स्कूल में जागरुकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में बाल विवाहों के दुष्परिणामों के बारे में बताया गया। बच्चों को

कानूनी जानकारी भी दी गई। सवाईमाधोपुर में बाल विवाह मुक्त भारत–राष्ट्रीय अभियान के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई। और जानकारी हमारे संवाददाता से –

000

बाड़मेर में आदर्श स्टेडियम में महिलाओं को बाल विवाह रोकने संबंधी शपथ दिलाई गई।

000

बाड़मेर ज़िले में विमुक्त, घुमंतु और अर्द्ध घुमंतु समुदायों के लोगों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष शिविर लगाएजा रहे हैं। इन शिविरों में इन समुदायों के लोगों के आवश्यक दस्तावेज़ बनाने का काम किया जा रहा है। हमारे संवाददाता का डिस्पैच –

000

डूंगरपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के तहत पात्र लाभार्थी आवास बनाने के लिए सहायता राशि के वास्ते ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। लाभार्थी अपने स्वयं के 30 से 45 वर्ग मीटर के पक्के आवास निर्माण के लिए ढाई लाख रुपये की राशि प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन नगर परिषद डूंगरपुर कार्यालय और ई–मित्र कियोस्क के माध्यम से किया जा सकता है। नगरपरिषद आयुक्त लोकेश पाटीदार ने बताया कि शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेंडर, स्वयं सहायता समूह के सदस्य, पीएम विश्वकर्मा के लाभार्थी, भवन और निर्माण कार्य के श्रमिक, सफाई मित्र, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जैसे लाभार्थियों को प्राथमिकता दी जाएगी। आवेदन महिला द्वारा या संयुक्त रूप से किया जा सकता है। योजना के लिए आवेदक के पास अपनी भूमि का पट्टा और परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए।

000